उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2
संख्या–वे0आ0–2– 870 / दस–2008–34(एम) / 2008 टी0सी0
लखनऊ : दिनांक : 29 अगस्त, 2008

संकल्प

विषयः– छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों को प्रदेश के विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों पर लागू करने के सम्बन्ध में विचार हेतु वेतन समिति का गठन।

छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा वेतनमानों पर लिये गये निर्णय के आधार पर वेतनमानों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में संस्तुति करने के लिए संकल्प संख्या–वे0आ0–2–824 / दस–2008–34(एम) / 2008, दिनांक 22 अगस्त, 2008 द्वारा श्री जे0एल0 बजाज, सेवा–निवृत्त, आई0ए0एस0 की अध्यक्षता में वेतन समिति का गठन किया गया है। श्री जे0एल0 बजाज अपनी व्यस्तता के कारण अध्यक्ष, वेतन समिति के पद का दायित्व निर्वहन करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। अतः श्री जे0एल0 बजाज के स्थान पर श्री एस0ए0टी0 रिज़वी, सेवा–निवृत्त, आई0ए0एस0 को अध्यक्ष वेतन समिति के पद पर नामित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उपयुक्त शासकीय संकल्प दिनांक 22 अगस्त, 2008 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

आज्ञा से,
29/8/2008
(बी0एन0 दीक्षित)
सचिव।

1– यह आदेश दिया कि संकल्प को उत्तर प्रदेश के असाधारण गजट में विज्ञापित किया जाय।
2– आदेश दिया कि इस संकल्प की प्रति सचिवालय के समस्त अनुभागों तथा संबंधित अधिकारियों को भेजी जायें।
3– आदेश दिया कि संकल्प की प्रति समस्त विभागाध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों तथा सहायता प्राप्त शिक्षण / प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं को भेजी जायें।
4– आदेश दिया कि इस संकल्प की प्रति समस्त सार्वजनिक निगमों / उपकमों को भेजी जायें।

आज्ञा से,
29/8/2008
(बी0एन0 दीक्षित)
सचिव।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 44 सा० वित्त–2008–(1030)–3000 प्रतियां–(का० / टी० / आ०)।